an>

Title: Need to introduce BG railway line from Khedbrahma to Ambaji and Mount Abut on the Ahmedabad-Khedbrahma railway section in Gujarat.

श्री डी.एस.राठौड़ (साबरकांठा): माननीय अध्यक्ष जी, मेरे साबरकांठा लोक सभा मतक्षेत्र में अहमदाबाद-खेडब्रह्मा ए.पी.रेलवे चल रही है। यह विस्तार के नजदीक सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ मां अम्बाजी का मंदिर है जो समग्र भारत में आस्था का केंद्र है और अम्बाजी के बिल्कुल नजदीक राजस्थान में माउंट आबू की तलेटी में विश्व प्रसिद्ध शांति केंद्र है जहां ब्रह्माकुमारी का बड़ा परिसर है और जहां पूरे भारत और विश्व के लोग आते हैं। माउंट आबू स्वयं एक सुप्रसिद्ध पर्यटक स्थल है। गुजरात और दक्षिण भारत के लोग अहमदाबाद से होते हुए अम्बाजी और माउंट आबू आते हैं।

इसलिए मैं अहमदाबाद से खेडब्रह्मा की रेलवे लाइन को अम्बाजी से आगे आबू रोड तक विकसित करने की जरूरत है जिससे धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन विकास को बढ़ावा मिलेगा और रोड ट्रैफिक कम करने में लाभदायी रहेगा।

आपके माध्यम से मैं खेडब्रह्मा से अम्बाजी और आबू तक ब्रॉडगेज रेलवे लाइन शुरु करने की मांग रेल मंत्रालय से करता हूं।